वेबसाइटः www.bankofbaroda.in **ईमेल:** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान: मुंबई तारीख: 17.02.2023

प्रेसविज्ञप्ति /Press Release

बैंक ऑफ बड़ौदा ने अल्ट्रा-मैराथनर श्री कुमार अजवानी को बीओबी स्वर्णिम चतुर्भुज की दौड़ पूर्ण करने पर सम्मानित किया

5,933 *किलोमीटर की इस दौड़ का प्रयोजन विकलांग भारतीय सैनिकों के पुनर्वास के लिए धन एकत्र करना है*

मुंबई, 17 फरवरी, 2023: बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) ने आज अल्ट्रा-मैराथनर और टीम एफएबी फाउंडेशन के संस्थापक-निदेशक, श्री कुमार अजवानी को उनके द्वारा 100 दिनों में लगभग 5933 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली बीओबी स्वर्णिम चतुर्भुज दौड़ पूरी करने पर सम्मानित किया।

62 साल के अजवानी ने कई इंटर-सिटी और इंटर-स्टेट दौड़ पूरे किए हैं, सामाजिक कारणों के लिए धन एकत्र किया है और जरूरतमंदों की मदद की है। इस साल, उन्होंने दिव्यांग सेना के सैनिकों, सेना के एथलीटों / पैरा एथलीटों का समर्थन करने और आदिवासी स्कूलों को बुनियादी शैक्षिक सुविधाएं देने के उद्देश्य से धन एकत्र करने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा स्वर्ण चतुर्भुज अभियान चलाया है। यह दौड़ 8 नवंबर, 2022 को मुंबई में शुरू हुई थी और उसके बाद मुंबई में वापस लौटने से पहले महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और गुजरात आदि राज्यों को कवर किया ।

इस अवसर पर **बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यकारी निदेशक, श्री अजय के खुराना** ने कहा कि, "बैंक ऑफ बड़ौदा को श्री कुमार अजवानी के साथ संबंध स्थापित कराते हुए जुड़ने गौरवान्वित महसूस कर रहा है और हम इस उल्लेखनीय कार्यों के लिए इनके प्रयासों की सराहना करते हैं। बीओबी स्वर्णिम चतुर्भुज दौड़ के माध्यम से, हम अपने देश की रक्षा करते हुए युद्ध में घायल हुए भारतीय सैनिकों के पुनर्वास का समर्थन कर रहे हैं और साथ ही आदिवासी स्कूलों की भी मदद कर रहे है।"

श्री कुमार अजवानी ने बताया कि "बीओबी स्वर्णिम चतुर्भुज दौड़ की योजना टीम एफएबी फाउंडेशन द्वारा तैयार गई थी ताकि जागरूकता पैदा करने और जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए धन एकत्र किया जा सके। यह बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ मेरा दूसरा साल है और मैं बैंक को उनके लगातार सहयोग और वंचित समुदायों की मदद करने के लिए धन्यवाद देता हूं।

बैंक ऑफ बड़ौदा पिछले साल श्री अजवानी के साथ K2K रन के लिए भी जुड़ा था, जिसमें श्री अजवानी ने 67 दिनों में 3,800 किलोमीटर की दूरी तय कर कश्मीर से कन्याकुमारी (K2K) तक दौड़ने वाले पहले वरिष्ठ नागरिक बनकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। K2K रन दो मुख्य कारणों के लिए आयोजित किया गया था, अर्थात् QMTI (क्वीन मैरीज़ टेक्निकल इंस्टीट्यूट) के माध्यम से विकलांग सैनिकों के पुनर्वास का समर्थन करने और टीम FAB फाउंडेशन के माध्यम से महाराष्ट्र में जनजातीय स्कूलों को अपग्रेड करने के लिए। इस दौड़ के लिए श्री अजवानी को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन द्वारा सराहा गया।

About Bank of Baroda:

Founded on 20th July 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of over 150 million through over 46,000 touchpoints spread across 17 countries in five continents. Through Its state-of-the-art digital banking platforms, it provides all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The recently launched bob World mobile app provides customers with a saving, investing, borrowing, and shopping experience, all under one single app. The app also serves non-customers by enabling account opening through video KYC. The Bank's vision matches its diverse clientele base and instills a sense of trust and security. It is moving well in that direction and bob World is a testimony of its roadmap towards Digital Transformation.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

For media queries, please contact:

Bank of Baroda contact: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com

Perfect Relations - Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com